वर्ष-01, अंक-201

छपरा

1 जून शनिवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


# 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग आज

## वाराणसी से पीएम मोदी मैदान में; कंगना, रवि किशन, पवन सिंह समेत 4 एक्टर भी चुनाव लड़ रहे



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, TMC 9, बीजद 4, JD और अपना दल (एस) 2-2, JMM महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी।

इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर- कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं।

इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी।गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है।


# मोदी के ध्यान के खिलाफ तमिलनाडु कांग्रेस हाईकोर्ट पहुंची

## विवेकानंद रॉक के ध्यानमंडपम से पीएम की तस्वीरें सामने आईं, आज 1 जून तक यहीं रहेंगे

**कन्याकुमारी,एजेन्सी।** पीएम मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करने का शुक्रवार को दूसरा दिन है। सुबह उनके ध्यान करने की तस्वीरें सामने आईं। वे भगवा चोला, हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखे। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया, मंदिर की परिक्रमा की और ध्यान मुद्रा में बैठे। पीएम एक जून सुबह 10 बजे तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे। उधर विपक्ष मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। पीएम गुरुवार शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

### बिहार के 8 जिलों में तेज आंधी,बारिश..12 में अलर्ट

# 16 जिले अब भी हीटवेव की चपेट में, गर्मी से 51 लोगों की मौत




**पटना, एजेन्सी।** बिहार में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार की देर रात बगहा, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर,मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और जमुई में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बगहा के पिपरासी में आंधी की चपेट में आने से 19 साल की अंगिरा कुमारी की मौत हो गई।

इधर, पटना के मौसम में भी बदलाव देखा गया। विभाग के मुताबिक राजधानी में आज बारिश हो सकती है और 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। बेगूसराय में शुक्रवार सुबह-सुबह बारिश हुई। वहीं, 12 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। राज्य में हीटवेव का कहर भी जारी है। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को 16 जिलों में दिन-रात हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव निवासी सरकारी स्कूल के एक हेड मास्टर की मौत हो गई है। तेज गर्मी के कारण बेचैनी बढ़ी शरीर और सिर दर्द की शिकायत हुई। हीट वेव का शिकार होने की आशंका है। अलग-अलग 12 जिलों में 51 लोगों की हीटवेव से मौत हुई है।

# शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर लंबी छुट्टी पर केके पाठक

## 3 से 30 जून तक लीव पर रहेंगे; स्कूल बंद करने के विवाद से सीएम नीतीश नाराज



**पटना,एजेन्सी।** बिहार में गर्मी ने बेहाल कर रखा है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के बेहोश होने के बाद सीएम ने खुद स्कूल बंद करने को कहा। बाद में केके पाठक ने इसमें बदलाव कर बच्चों के लिए तो स्कूल बंद कर दिया, लेकिन शिक्षकों की छुट्टी रद्द कर दी। इस गर्मी में शिक्षक की ड्यूटी लगा कर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव IAS केके पाठक खुद लंबी छुट्टी पर जा रहे हैं।

सरकार के पास अपनी लंबी छुट्टी का आवेदन भेज दिया है। सरकार के विश्वस्त सूत्रों की माने तो केके पाठक 3 से 30 जून तक छुट्टी पर रहेंगे। उनके अचानक छुट्टी पर जाने के फैसले को स्कूलों में टाइमिंग विवाद और शिक्षकों की छुट्टी से जोड़ा जा रहा है।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव IAS केके पाठक ने जब से यह कुर्सी संभाली है, वो लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। सूत्रों की माने तो सीएम नीतीश केके पाठक से नाराज हैं।

### केके पाठक से नाराज हैं मुख्यमंत्री

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में 8 जून तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। सीएम के आदेश के बाद मुख्य सचिव ने सीधा DM को लेटर लिख दिया। IAS केके पाठक को साइड लाइन करते हुए सीएम को पत्र लिखा गया। कई जिलों के DM ने छुट्टी का आदेश भी जारी कर दिया तो कई ष्ठरूने आदेश नहीं निकाला। इसी बीच केके पाठक ने आदेश को संशोधित कर शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी। भारी गर्मी में शिक्षक स्कूल आ रहें हैं। सीएम सचिवालय के सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में ष्ठरूनीतीश, केके पाठक से बेहद नाराज हैं। इसी बीच केके पाठक ने EL लीव के लिए आवेदन दे दिया है।

# जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार :याचिका में अपील- हरियाणा, यूपी और हिमाचल प्रदेश को ज्यादा पानी छोड़ने कहें

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार 31 मई को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे। दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए। राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया।

# पुणे केस-आरोपी के पिता-दादा को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी


## पुलिस को तीसरे शख्स की तलाश; नाबालिग से पूछताछ के लिए जुवेनाइल बोर्ड को लेटर

**पुणे,एजेन्सी।** पुणे पोर्श केस मामले में आरोपी नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा। क्राइम ब्रांच में दोनों की 5 दिन की पुलिस कस्टडी की मांग की थी। इससे पहले कोर्ट ने दोनों की कस्टडी 28 तारीख को 31 मई तक बढ़ाई थी।

पुणे क्राइम ब्रांच की दलील थी कि आरोपी विशाल और उसके पिता के खिलाफ जांच जारी है। क्राइम ब्रांच का कहना है कि दोनों के मोबाइल और गाड़ी भी जब्त की गई है, फिलहाल CCTV डिटेल्स आना बाकी है। आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए जिस तीसरे व्यक्ति ने मदद की उसका पहचान की जा रही है।

वहीं, कोर्ट में विशाल के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि CCTV फुटेज पुलिस के पास मौजूद है। गाड़ी और मोबाइल फोन पहले से जब्त हैं। ऐसे में कस्टडी की कोई जरूरत नहीं है। इधर, पुणे पुलिस ने आज ही किशोर न्याय बोर्ड (JJB) को पत्र लिखकर पोर्श एक्सीडेंट के आरोपी नाबालिग से पूछताछ की परमिशन मांगी।

# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में फैसला सुरक्षित



## मुस्लिम पक्ष ने कहा- मामला सुनने योग्य नहीं, हिंदू पक्ष बोला- नियमों के खिलाफ दी गई जमीन

**प्रयागराज,एजेन्सी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में दायर 18 याचिकाओं पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज सुनवाई पूरी की। जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। गर्मी की छुट्टियों के बाद कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है। जिसमें तय हो जाएगा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिका सुनने योग्य है या नहीं।

हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल 18 याचिकाओं को शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने हाईकोर्ट में ऑर्डर 7, रूल 11 के तहत चुनौती दी। शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने बहस के दौरान कहा- मथुरा कोर्ट में दाखिल याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। मामला पूजा स्थल अधिनियम 1991 और वक्फ एक्ट के साथ लिमिटेशन एक्ट से बाधित है। इसलिए इस मामले में कोई भी याचिका न तो दाखिल की जा सकती है और न ही उसे सुना जा सकता है।

**हिंदू पक्ष की तरफ से कहा गया-** इस मामले पर न तो पूजा स्थल अधिनियम का कानून और न ही वक्फ बोर्ड कानून लागू होता है। शाही ईदगाह परिसर जिस जगह मौजूद है वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन है। समझौते के तहत मंदिर की जमीन को शाही ईदगाह कमेटी को दी गई है। जो नियमों के खिलाफ है।






# शिक्षक काभी सेवा निवृत नहीं होता : कुलसचिव

## जेपीयू के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.अनिता की कि गई विदाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ अनिता के सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि मैं यह अपेक्षा करता हूँ कि सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का जुड़ाव विश्वविद्यालय से बना रहे। विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं एक प्रतिज्ञा कर यहां आया हूँ कि आगामी छह माह में ऐसा सिस्टम बनाया जाएगा कि जो भी शिक्षक-कर्मी सेवानिवृत्त हों उनका सेवांत लाभ उन्हें तत्क्षण प्रदान कर दिया जाय। उन्होंने डॉ अनिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य को लेकर उनकी दृष्टि पैनी है और आशा है कि वे अपने ज्ञान और व्यापक अनुभव का लाभ समाज को प्रदान करती रहेंगी।

समारोह को संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रो.रणजीत कुमार ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस विदाई समारोह में इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति यह दर्शाने के लिए काफी है कि डॉ अनिता विद्यार्थियों के बीच कितनी लोकप्रिय रहीं हैं। इससे पूर्व कुलपति प्रो.बाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्रीति मिश्रा ने सरस्वती वंदना का गायन किया वहीं स्वागत भाषण नेहा राय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग सहित अन्य विभागों के प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे।

# दुर्घटना में पुत्र की मौत से परिवार में मातम

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अपनी बीमार मां को देखने पहुंचे पुत्र की दुर्घटना में मौत से परिजनों? में मातम छा गया। मृतक मढ़ौरा मुख्य बाजार निवासी विरेन्द्र उर्फ वीरन सिंह का 48 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह बताया गया है। वही हादसे में जख्मी दूसरे पुत्र राकेश सिंह की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विरेन्द्र सिंह की पत्नी गंभीर रूप से बीमार थी और पटना के निजी अस्पताल में भर्ती थी। वृद्ध महिला के इलाज में सुधार नही होने चिकित्सकों ने उन्हे घर ले जाने की सलाह दी थी। मां की बीमारी को सुनकर पुत्र राजेश सिंह देखने आए थे। राजेश सिंह अपने एक अन्य भाई के साथ अपनी मां को लेकर शुक्रवार की अहले सुबह पटना से मढ़ौरा घर लौट रहे थे। इसी दौरान पटना - दरियापुर मार्ग में फोर लेन पर उनकी कार आगे आगे लोहे का सरिया लेकर जा रही ट्रैक्टर से टकरा गई। इस दौरान बुरी तरह से जख्मी हुए राजेश सिंह की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई राकेश सिंह बुरी तरह से जख्मी हो गया था। घटना की सूचना आने पर परिजनों में कोहराम मच गया।? परिजनों में राजेश सिंह की मौत के बाद मातम छा गया। बता दे कि मृतक राजेश सिंह बोकारो स्टील प्लांट में काम करते थे। अपनी बीमार मां से मिलने पहुंचे थे लेकिन खूद ही हादसे में मौत का शिकार हो गए।

# अखण्ड अष्टयाम को ले निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा ब्रम्हस्थान पर 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को ले शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा गोसी छपरा देवीस्थान से निकलकर पूरे गांव का परिभ्रमण करते हुए आचार्य पंडित अजय कुमार त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र गंगाजल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंची।कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों व युवतियों ने भाग लिया।जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कलश यात्रा में मनोरम झांकी भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था।आयोजकों ने बताया कि अखण्ड अष्टयाम के पूर्णाहुति के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

# महिला का मोबाइल चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक स्टेशन रोड में प्रसिद्ध चिकित्सक के यहां बच्चे का इलाज कराने आई महिला का मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया। हालांकि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महिला बनियापुर थाना क्षेत्र के रामकोला गांव निवासी मनोरंजन सिंह ने बताया कि वह अपनी भाभी बेबी देवी को उनके बच्चे का इलाज के लिए मशरक स्टेशन रोड में प्रसिद्ध चिकित्सक के यहां लाया गया जहां वह अपनी बारी के लिए बैठीं थीं उसी दौरान अज्ञात महिला के द्वारा मोबाइल चोरी कर ली गई। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया।

### पत्रकारिता दिवस पर सोनपुर मे संगोष्ठी आयोजित

# मीडिया को सशक्त होना चाहिए राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि है: विश्वनाथ सिंह

## सरकार को चाहिए कि मीडिया को सुरक्षा ,सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए: संजीत कुमार

**सोनपुर ।** पत्रकारिता दिवस पर हरिहर क्षेत्र सोनपुर के पत्रकारों साहित्यकारों ,लेखकों एवं बुद्धिजीवियों की एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखक एवं साहित्यकार शालिग्राम सिंह अशांत ने की । अपने अध्यक्षीय संबोधन में इन्होंने कहा कि पत्रकारिता को हमेशा मिशन मानकर कार्य करना चाहिए, पत्रकार समाज के सजग प्रहरी होते हैं। कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार सह अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने पत्रकारिता दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईमानदार पत्रकार की लेखनी की धार से मंत्री से संत्री तक का कलेजा काँप जाता है। इन्होंने कहा कि नेपोलियन बोनापार्ट कहा करता था कि उसे एक हजार तलवारों से उतना डर नहीं लगता है जितना एक अखबार में छपी खबरों से डर लगता है ।अखबार तैयार करने में कितनी पत्नियों के हसीन सपने चकनाचूर हो जाते हैं। पत्रकारिता से जुड़े लोग सचमुच में वाच डॉग की तरह होते हैं।मीडिया को सशक्त होना चाहिए जो राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि है। श्री सिंह ने पत्रकारिता का इतिहास बतलाते हुए कहा कि विश्व का सबसे पहला समाचार पत्र लगभग तेरह सौ वर्ष पहले चीन में शुरू हुआ था। इसका नाम चिंग पाओ था । इसका अर्थ है राजधानी का समाचार। विश्व का सर्वप्रथम दैनिक समाचार पत्र मॉर्निंग पोस्ट था जो 1762 में लंदन में छपना शुरू हुआ था । श्री सिंह ने कहा भारत में सबसे पहला समाचार पत्र बंगाल गजट के नाम से 29 जनवरी 1780 को छपना शुरू हुआ था बाद में इसका नाम बदलकर इंग्लिशमैन कर दिया गया । विश्व में आज हर रोज लगभग 50 करोड लोग अखबार पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि किसी एक समाचार पत्र का बड़ा संस्करण रविवार 10 अक्टूबर 1971 को दिनिवार्क टाइम्स निकाला गया । इसमें 15 भाग 972 पेज 12 लाख लाइनें विज्ञापनों की थी। और इसका वजन साढ़े सात पॉन्ड था। इसकी कीमत 50 सैन्ट थी । पत्रकार अभय कुमार सिंह ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका और कार्यपालिका ने पत्रकारिता पर अंकुश लगाने की हमेशा कोशिश की है। उन्होंने कहा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के पुरोधा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी ''हरिजन'' के संपादक के रूप में और बिहार की पगडंडी से आगे बढ़कर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद भी सर्च लाइट के संपादक के रूप में अपने को पत्रकार मानते हुए गौरव महसूस करते थे ।



पत्रकार संजीत कुमार ने कहा कि पत्रकारों को चाहिए की जाति, धर्म ,अपना -पराया, राजनीतिक से ऊपर उठकर किसी भी घटना या समस्या को समाज और देश के सामने सच परोसने चाहिए । व्यक्ति और समाज की पीड़ा को निर्भीकता से उजागर करना ही पत्रकारिता कहलाता है। दुखी लोगों को न्याय मिलनी चाहिए। मीडिया के लोगों को निष्पक्ष और निडर होकर अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए ।पत्रकारिता में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बातों को उजागर करना चाहिए ना कि केवल किसी सत्ता पक्ष का । पत्रकारिता में जाति, धर्म ,पार्टी का कोई स्थान नहीं है ।मीडिया को सशक्त होना चाहिए ।आज कुछ पत्रकार के गलती के कारण कलाम के सिपाही पर उंगली उठती है । मीडिया के कुछ लोग दिशाहीन हो रहे है। जब मीडिया सत्य की आवाज के साथ खड़ा नहीं रह पाता है तो समाज को स्वयं भी देखने ,सुनने और सामूहिक आवाज उठाने और कार्य करने की जरूत है तभी सत्य की विजय होगी। सरकार को भी चाहिए कि मीडिया से जुड़े लोगों को सुरक्षा ,सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे सत्य और सत्य को परोसने के लिए मीडिया को स्वत्रंत व सशस्त्र होना चाहिए ।मीडिया राष्ट्र की लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के साथ-साथ अधिकार और कर्तव्य का निर्वहन करता है। अंत मे धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भाजपा बिहार प्रदेश के क्षेत्रीय प्रभारी लाल बाबू पटेल ने कहा कि पत्रकार को अपनी लेखनी से समाज में एकता और भाईचारा कायम रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों को ईमानदारी के साथ रात को रात दिन को दिन लिखना चाहिए देश को आजादी दिलाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रही हैं। गोष्ठी में पत्रकार बिपिन कुमार सिंह , इंजीनियर प्रभात रंजन , वैभव सिंह पत्रकार एसपी सिंह , अनिल कुमार सिंह, अमरनाथ तिवारी ,सतीश कुमार,गौतम कुमार , प्रसाद शाह ,आनंद कुमार सिंह अधिवक्ता, प्रिंस सोलंकी ,सूरज चौहान,हरेंद्र साह , सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हल्की बारिश में मशरक नगर पंचायत का स्टेशन रोड जहां तहां जलमग्न

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र का स्टेशन रोड में हल्की बारिश में जलमग्न हो गया। इससे अंदेशा होता है कि भारी बरसात में मशरक का स्टेशन रोड़ डूबेगा, जिससे इस इलाके लोगों और आने जाने वाले लोगों को भी इस बार परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नगर पंचायत के स्टेशन रोड के मुख्य सड़क के दोनो तरफ ही मुख्य बाजार क्षेत्र हैं वहीं मामूली बरसात होने से इलाकी पूरी सड़क बरसात के पानी में डूब जाती है इसकी मुख्य वजह जल निकासी का मुख्य साधन नाला निर्माण नहीं होना है यानी नगर पंचायत के जिम्मेदार की लापरवाही



से यह इलाका फिर से इस बरसात में डूबेगा। आपकों बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र में स्टेशन रोड में नाला निर्माण के लिए लगभग-लगभग 6 महीने पहले ही टेंडर प्रक्रिया निकाली गई थी पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और कमीशनखोरी से प्रकिया फाइलों में ही दबी पड़ी हुई है। वही इस इलाके में नाला और स्टेशन रोड की जर्जर सड़क का निर्माण न कर अन्य इलाकों में जहा सड़कें अच्छी है उसी इलाके में सड़कों के उपर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें धांधली की शिकायत दर्ज कराई जा रही है पर कोई भी सुनवाई करने को कोई तैयार नहीं है।



# विष्णु महायज्ञ मे पंडाल परिक्रमा के लिए उमड़ रही है भक्तो की भीड़

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड अंतर्गत चरिहारा गांव के राम-जनकी शिव मंदिर परिसर मे आयोजित नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ पंडाल की परिक्रमा को लेकर भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी।काफी संख्या मे दूरदराज से आयी श्रद्धालु महिलाओ द्वारा पूजा पंडाल की परिक्रमा और विभिन्न देवी देवताओ की स्थापित दर्जनो मूर्तियो की पूजा अर्चना की गयी।उधर आचार्य श्री श्री 1008 राम अनुग्रह दास जी महाराज की अगुआई मे दर्जनो आचार्य के मंत्रोच्चारण की ध्वनि के बीच नौ कुण्डीय यज्ञ स्थल की विधिवत पूजा अर्चना की गयी।जिसमे यजमान अखिलेश सिंह, अरूण कुमार सिंह, निरज कुमार, संतोष साह,प्रभु सहनी अपनी अपनी अर्धांगिनी के साथ शामिल हुए। विष्णु महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।भीषण गर्मी के बावजूद लोग बड़े भक्तिभाव से यज्ञ अनुष्ठान मे शामिल हो रहे है। वही शाम 6 से 9 बजे तक अयोध्या से आयी महिला प्रवचनकर्ता कण्केश्वरी जी की प्रवचन का श्रवण कर क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे है। जबकि रात्रि 9 से 11 बजे तक रास लीला की मनमोहक प्रस्तुति अपनी ओर लोगो को आकर्षित कर रहा है। यज्ञ पंडाल मे स्थापित देवी देवताओ के विभिन्न स्वरूपो की करीब तीन दर्जन प्रतिमाए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## दहेज की खातिर पति द्वारा पत्नी की हत्या मामले पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक मुशहर टोली की मुन्नी देवी का गला रेत हत्या कर फेंका हुआ शव मिलने के बाद मृतिका की मां राजमुनी देवी पति स्व जगन्नाथ राउत ने मशरक थाना में मुनी देवी के पति पर दहेज के लिए हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। राजमुनि द्वारा दर्ज कराएं गए प्राथमिकी में कहा गया है कि 5 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री की शादी सिधवलिया गोपालगंज निवासी हरिलाल मुसहर के पुत्र सोनू मुसहर से की। पिछले एक साल से सोनू अपनी पत्नी से दहेज में साइकिल और रुपया अपनी मां से मांग कर लाने का दबाव बना मारपीट करने लगा। जिसपर मुन्नी अपने मायके मशरक आकर रहने लगी। सोनू मुसहर भी मशरक आने जाने लगा। बुधवार को घर से कुदाल दाब के साथ मुन्नी को लेकर मूस मारने गया। देर रात तक जब दोनो नहीं लौटे तो सोनू को फोन कर पूछी तब उसने कहा की उसकी हत्या कर फेंक दिया है खोजो । गुरुवार के सुबह बेटी का शव गोपालबारी मशरकी पोखरा से पुलिस ने बरामद किया। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## विष्णु महायज्ञ में पूजा-अर्चना करने आए अपाची बाइक चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा गांव में विष्णु महायज्ञ में पूजा-अर्चना करने आए महिला का अपाची बाइक चोरी होने का मामला सामने आया। पीड़ित तरैया थाना क्षेत्र के जैथर गांव निवासी अंजू देवी पति विरेन्द्र सिंह ने बताया कि वह अपने पुत्र सन्नी कुमार सिंह के साथ अपाची बाइक बीआर 04 एजी 6326 पर सवार होकर चरिहारा गांव में विष्णु महायज्ञ में पूजा-अर्चना करने आई जहा महायज्ञ में अपाची बाइक खड़ी कर पूजा अर्चना करने चली गई वापस आई तों देखा कि बाइक चोरी कर ली गई है।

# पहलेजा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

### क्षेत्र में हर हाल में अमन चैन और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है-थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जिले में शन्ति व्यवस्था लोगो के बीच बनी रहे इसके लेकर लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 मई के बाद क्षेत्र में आपसी शांति सद्भाव व विधि व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लेकर पहलेजा थाना क्षेत्र के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक शुक्रवार को सोनपुर सीओ आदिति श्रुति के मौजूदगी में थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी ने बुद्धिजीवियों ,जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ बैठक की। सोनपुर सीओ आदिति श्रुति के अध्यक्षता में बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही कि समाज में शांति की स्थापना के लिए प्रबुद्ध लोगों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहि कि आने वाले चुनाव परिणाम को हर किसी को सहर्ष स्वीकारने की जरूरत है और जाति और धर्म के आधार पर झड़प करने से आपसी भाईचारा कमजोर होता है। हर किसी को जनमत को स्वीकारने की जरूरत है । हर किसी को सावधान रहने की जरूरत है ।किसी को अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से चुनाव परिणाम के दिन सक्रिय रहने का आग्रह किया । उन्होंने कहि कि छपरा की घटना के बाद प्रशासन हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी हुई है ।अगर क्षेत्र में किसी तरह की अप्रिय घटना की आशंका होने पर तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें। थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी ने कहि कि रिजल्ट के दिन गश्ती वाहन लगातार गश्त करेगी। मतगणना परिणाम के बाद किसी तरह के विजय जुलूस या रैली नहीं निकाली जाएगी । थाना क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी पटाखे या क्षेत्र में किसी प्रकार के समाज विरोधी कार्य या बाते नही करनी है । मतगणना के दिन चुनाव का परिणाम चाहे किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में आए क्षेत्र में हर हाल में अमन चैन और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है ।किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही हैं। उन्होंने कहि



कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस कृतसंकल्पित है और असामाजिक तत्व के लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने भी शांति बहाली के लिए अपने विचार व्यक्त किए और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आग्रह किया । इस मौके पर मुखिया अनिल कुमार राय ,सरपंच रमाकांत महतो ,उदय राय ,रत्नेश सिंह, पप्पू सिंह ,नवीन कुमार, अखिल साहनी ,मोहम्मद सफदर उर्फ भोला ,हरेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे ।

# लोकसभा चुनाव के मतगणना को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/तरैया(सारण)।** स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक तरैया सीओं सुश्री श्रेया मिश्रा व थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया। सीओं ने कहा कि समाज में शांति की स्थापना के लिए प्रबुद्ध लोगों की सहभागिता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव परिणाम को हर किसी को सहर्ष स्वीकारने की जरूरत है। जाति और धर्म के आधार पर किसी से झड़प करने से भाईचारा कमजोर होता है। आगामी 04 जून को चुनाव का मतगणना होना है, ऐसे में हर किसी को सावधान रहने की जरूरत है। किसी को अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से चुनाव परिणाम के दिन सक्रिय रहने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि रिजल्ट के दिन गश्ती वाहन लगातार गश्त करेगी। लोगों कि सुरक्षा के लिए पुलिस कृतसंकल्पित है और असामाजिक तत्व के लोगों के साथ सख्ती से निपटने के लिए तैयार हैं। बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने भी शांति बहाली के लिए अपने विचार व्यक्त किए और प्रशासन को हरसंभव सहयोग करने का निर्णय लिया। बैठक में पूर्व जिला पार्षद सदस्य अब्दुल्ला खान, सरपंच संघ के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह उर्फ रवि सिंह, रविन्द्र राय, देवनाथ राम, राजीव रंजन उर्फ टुल्लू सिंह, लीलाधर राय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## राम जानकी मंदिर में हुई चोरी

दैनिक खोज खबर/इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के मान पुरसौली गांव स्थित राम जानकी मंदिर से चोरों ने मंदिर परिसर में लगे लाउडस्पीकर मशीन, चोंगा, पानी का मोटर, तथा गैस सिलेंडर की चोरी कर ली है। मंदिर कमेटी के सचिव कामेश्वर सिंह ने चोरी की घटना से संबंधित एक आवेदन इसुआपुर थाने में दी है। वहीं मंदिर के पुजारी संगीत दुबे ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मंदिर के पास लगे सौर ऊर्जा के खंभे के सहारे चोर मंदिर में आ गए तथा उक्त सामानों की चोरी कर ली।

## खरीफ फसल कर्मशाला में किसानों ने सीखे खेती के गुर

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**:-प्रखंड कार्यालय स्थित ई किसान भवन के सभाकक्ष में खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन उप परियोजना निदेशक शमशेर आलम,मत्स्य प्रसार पदाधिकारी चंचला,जिला क्षेत्रीय समन्वयक गौतम कुमार,डीपीएमयू राजेश्वर कुमार,पशुपालन पदाधिकारी मनीष कुमार पांडे,बीएओ देवनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। परियोजना निदेशक शमशेर आलम ने खेती को लाभकारी बनाने के लिए तकनीकी पद्धति को अपनाने पर बल दिया।साथ ही किसानों से जलवायु अनुकूल खेती करने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवनाथ चौधरी ने किया व संचालन कृषि समन्वयक अर्जुन राम ने किया ।केवीके की जिला कृषि समन्वयक गौतम कुमार ने किसानों को मोटे अनाज की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया।जिला कृषि प्रशिक्षक राजेश्वर कुमार ने बागवानी व खरीफ फसलों में लगने वाले रोग व इसके नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनीष कुमार पांडे ने पशुपालन विभाग की ओर से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।वही मत्स्य पदाधिकारी चंचला ने मछली पालन हेतु सरकार से मिलने वाली अनुदान के बारे में जानकारी दी।साथ ही कई प्रकार की जानकारी दी।इस मौके पर कृषि समन्वयक अर्जुन राम,संजय मांझी,मधुरेश कुमार,राकेश कुमार द्विवेदी,शिखा भारती,गौतम कुमार,राजेश कुमार,संजय कुमार,अखिलेश कुमार रजक,सुबोध कुमार,संजय कुमार साह,रोहित राज,सुबोध कुमार राय,विनोद कुमार,ओम प्रकाश सहित कई किसान मौजूद थे।

## चंडीगढ जा रहे मां व पुत्र के अत्यधिक गर्मी के कारण ट्रेन में हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**–हरिहरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से चंडीगढ़ जाने के क्रम में सुल्तानपुर स्टेशन के समीप अत्यधिक गर्मी के कारण परसा के मा बेटा की मौत की खबर पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।मृतका परसा थाना क्षेत्र के अन्याय निवासी स्व राजेंद्र महतो की पत्नी 54 वर्षीया किशोरी देवी बताई गई है व पुत्र 37 वर्षीय प्रदीप कुमार बताया गया है।इधर मा बेटा की मौत खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर है।हालाकि घर में ताला बंद पड़ा है और लोग घर के बाहर ही खड़े होकर दोनो की मौत की चर्चा करते है।घटना को लेकर भाई दीपक महतो ने बताया कि गुरुवार को मां भाई व बहन तीनों लोग हरिहरनाथ एक्सप्रेस गाड़ी से चंडीगढ़ जा रहे थे।तभी अत्यधिक गर्मी के कारण मा बेहोश हो गिर पड़ी।जिसे जीआरपी पुलिस ने सुल्तानपुर में भरती कराया जहा चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वही मा की बीमार होने की खबर सुल्तानपुर जीआरपी पुलिस द्वारा दी गई तो मैं चंडीगढ़ से सुल्तानपुर आया तो देखा कि मां की मौत हो चुकी है मां को देख भाई प्रदीप भी बहुत रो रहा था जिसे रात्रि के दस बजे हार्ट एटैक हुआ जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस से आनन फानन में लखनऊ पीजीआई लाया गया जहा चिकित्सक ने हार्ट एटैक से मौत होने की बाते कही। इसके पूर्व दीपक ने बताया कि सुल्तानपुर में अत्यंत परीक्षण के बाद शव को एंबुलेंस से पैतृक गांव अन्याय लाया जा रहा है।इधर घटना को लेकर पुत्र बबलू व दीपक बहन सरिता कुमारी,बबिता कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।

## घर से कोचिंग पढ़ने गई छात्रा का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के अपने घर से एक कोचिंग में पढ़ने गई छात्रा का कुछ युवकों द्वारा अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में पचरौड़ गांव निवासी अपहृत छात्रा के पिता ने तरैया थाने में तीन लोगो के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें संग्रामपुर के मनीष कुमार तथा मंझोपुर के सोनू कुमार सिंह व मुस्कान कुमारी को आरोपित किया गया है। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि मनीष उनकी पुत्री के साथ कोचिंग में पढ़ता था जो अपने उक्त आरोपितों के साथ मिलकर शादी या हत्या की नियत से उनकी पुत्री के अपहरण की घटना को अंजाम दिया है। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## दरवाजे पर खड़ी ट्रक हो गई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**तरैया (सारण)** थाना क्षेत्र के चकिया गांव में एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी ट्रक चोरी हो गई है। इस संबंध में उक्त गांव निवासी विजय कुमार सिंह के कोर्ट परिवाद के आधार पर तरैया थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह अपने दरवाजे पर ट्रक लगा कर रात्री में खाना खाके सोने के लिए चला गया। जब सुबह उठा तो देखा कि उसकी ट्रक गायब है। किसी अज्ञात चोरों द्वारा उसकी ट्रक चोरी कर ली गई है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## कार की ठोकर से साइकिल सवार वृद्ध की गई जान

**तरैया(सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर नेवारी गायत्री मंदिर के समीप कार की ठोकर से साइकिल सवार एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक नेवारी गांव निवासी 63 वर्षीय रामेश्वर ठाकुर बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार रामेश्वर ठाकुर नेवारी बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात कार ने उन्हें ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से घायल अवस्था में उन्हें रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल से भी उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। लेकिन पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इधर मौत की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी उमरावती देवी, पुत्र पप्पू ठाकुर, जीतू ठाकुर समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए छपरा भेज दिया हैं। वहीं तरैया रेफरल अस्पताल से रिपोर्ट जमा कर घर लौट रही स्कूटी सवार एक आशा कार्यकर्ता सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल आशा कार्यकर्ता आकुचक गांव निवासी रेणु देवी है। जिसका प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है।

## रंगदारी नही देने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के भलुआ शंकर डीह गांव में रंगदारी नही देने पर गांव के कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में उक्त गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह के कोर्ट परिवाद के आधार पर तरैया थाने में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें राजू पटेल, सोनू पटेल, विक्की पटेल, भीम राउत व नकुल राउत को आरोपित किया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वह तरैया बाजार से घर जा रहा था तभी बजरंग चौक पर आरोपी उसे घेर कर मारपीट करने लगे। इधर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।



## जनसेवक के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** जीवन के 38 वर्षों की सरकारी सेवा के जनसेवक के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह कर किया गया। सीओ अम्बपालिका यादव, बीडीओ सुधीर कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जनसेवक श्रीनाथ प्रसाद की सेवा और कार्यों को याद किया गया। बीडीओ सुधीर कुमार ने कहा कि जनसेवक श्रीनाथ प्रसाद 38 वर्षों से विभाग में सेवा दे रहे हैं जो खूद ही एक बड़ी उपलब्धि है। श्रीनाथ प्रसाद अपने काम के प्रति ईमानदार रहे है जो विशेष है।श्रीनाथ प्रसाद को सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में अंग वस्त्र, फूल माला और बुके देकर सम्मानित किया गया। अंचलधिकारी अम्बपालिका यादव ने कहा कि सरकारी कर्मी को एक दिन सेवा समाप्त होना एक प्रक्रिया है। श्रीनाथ प्रसाद को इनके कार्य और सेवा को लेकर याद किया जाएगा। इस मौके पर बीपीआरओ प्रजक्ता साइमन, बीसी मुन्ना सिंह, सहित अन्य अधिकारी, कर्मी गुंजन कुमार, अमृतेश कुमार आदि मौजूद थे ।

## माँझी सीएचसी का ओपीडी शुरू हुआ

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** अन्य दिनों की तरह गुरुवार की सुबह आठ बजे माँझी सीएचसी का ओपीडी शुरू हुआ और इलाज की आस में कक्ष के बाहर कतारबद्ध मरीजों को डॉ विश्वकर्मा विभव ने मरीजों का इलाज शुरू किया। मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से रूबरू होकर अपने कार्यालय में चले गए। सफाई कर्मी सफाई को अंतिम रूप दे रहे थे। स्वास्थ्य गार्ड अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद थे। काउंटर पर तैनात कर्मी से पर्ची कटाकर इलाज हेतु सबसे पहले पहुँचे माँझी के बगोइयां निवासी व नगर पँचायत के सफाई कर्मी विश्वकर्मा कुमार। पैर पर पत्थर गिरने से जख्मी मरीज की मरहम पट्टी तथा कुछ जरूरी दवाइयाँ देने के बाद उसे छपरा रेफर कर दिया गया। माँझी के माड़ीपुर गाँव निवासी व पेशे से किसान नारायण सिंह नस की वजह से हाथ में हो रहे दर्द का कारण जानने बाद सीएचसी में कुछ जरूरी दवाइयाँ लीं। उन्होंने कहा कि महंगी दवाई बाहर से लेने की सलाह दी गई। माँझी के रसीदपुर से से आये कृषक लालबाबू साह बन्दर के काटने से जख्मी हो गए थे। उनको मरहम पट्टी तथा एन्टिरैबिज व टेटवेक्ट की सुई व जरूरी दवाई देकर विदा कर दिया गया। माँझी नगर पँचायत के मियाँ पट्टी से अपने गर्दन का इलाज कराने पहुँचे छात्र रविंद्र कुमार यादव का एक्सरे करने के बाद उपलब्ध दवाइयाँ देकर छपरा इलाज कराने की सलाह दी गई। माँझी नगर पँचायत के मियाँ पट्टी की गृहणी नजमा परवीन को सांस लेने में हो रही दिक्कत के बाद ऑक्सीजन चढ़ाया गया।उनके चेस्ट का एक्सरे व बलगम की जाँच की गई। ठेला चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले मियाँ पट्टी निवासी रामजी महतो अपनी पत्नी के पैर फ्रैक्चर का इलाज कराने पहुँचे थे। मरीज का एक्सरे व ब्लड जांच के बाद बैंडेड कर उनको जरूरी दवाइयाँ दी गई। भीषण गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन के शिकार तथा पेट दर्द से परेशान बहोरन सिंह के टोला निवासी व एलआईसी के पूर्व शाखा प्रबंधक प्रभुनाथ सिंह को कुछ जरूरी इंजेक्शन देने के बाद उन्हें स्लाइन चढ़ाया गया।

## जन सुराज के नेताओं ने जताई गहरी शोक संवेदना

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** जन सुराज के एकमा प्रखंड संयोजक रमेश गिरि के बड़े भाई ओमप्रकाश गिरि (52) जन सुराज की टीम के साथ क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाने के दौरान लू लगने के कारण गुरुवार की शाम मृत्यु हो गई। जन सुराज के जिला संगठन अध्यक्ष राम पुकार मेहता, जिला संयोजक ब्रजेंद्र कुमार सिंह भवानी मुन्ना, एकमा प्रखंड अध्यक्ष व आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह,आईटी सेल प्रभारी अनुभव मिश्रा, एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, खुर्शीद नैयर, विनोद कुमार मांझी आदि अन्य लोगों ने रमेश गिरि के लौवारी गांव पहुंच कर उनके बड़े भाई ओमप्रकाश गिरि की असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहने करने की भगवान से हिम्मत प्रदान करने की कामना की है। वहीं जन सुराज के नेताओं ने जिला प्रशासन से आपदा विभाग से दिवंगत ओमप्रकाश गिरि के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## लू लगने के कारण एक महिला समेत तीन लोगों की मौत

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** माँझी थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गाँवों में लू लगने के कारण एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना माँझी के मियां पट्टी की है जहाँ एक महिला लू लगने से बेहोश हो गई जिसे माँझी सीएचसी में लाया गया तथा बाद में चिकित्सकों ने उसे चिन्ताजनक हालत में छपरा रेफर कर दिया। हालाँकि छपरा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। मृतका मियां पट्टी निवासी शमसुद्दीन मियां की पुत्री बेबी खातून उम्र 25 वर्ष बताई जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को अपनी मां नजमा खातून के साथ बेटी बेबी खातून सुघर छपरा से दोपहर में घर लौट रही थी। तभी रास्ते में उन्हें चक्कर आ गया और दोनों कुंअर टोली के समीप चकरा कर गिर पड़ी। सूचना मिलने पर ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें मांझी सीएचसी में लाया गया गया। शुक्रवार को शव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई एवं देखने वालों की भी उमड़ पड़ी। उधर शुक्रवार को ही माँझी नगर पँचायत के चैनपुर गाँव निवासी अमरनाथ यादव उम्र 45 वर्ष की लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक माँझी चट्टी स्थित अपनी दुकान पर बैठा था तभी अचानक उसे चक्कर आ गया तथा वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया। दुकानदारों ने उसे आनन फानन में माँझी सीएचसी पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना माँझी के धरहरा गाँव की है जहाँ कल गुरुवार की दोपहर पैदल आ रहे भरत प्रसाद उम्र 50 वर्ष अचानक गिरकर बेहोश हो गए तथा उल्टी होने लगी। बाद में दुकानदारों द्वारा माँझी सीएचसी में लाये जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। माँझी में लू लगने से तीन लोगों की मौत की खबर के बाद ग्रामीणों में दहशत ब्याप्त है।

## पत्नी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सका पति, अगले ही दिन पति का भी हार्ट अटैक की वजह से निधन

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** पत्नी की मौत का सदमा बर्दाश्त नही कर सका पति और पत्नी की मौत के अगले ही दिन पति का भी हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। महज साढ़े 26 घण्टे के अंतराल पर हुई यह लोमहर्षक घटना माँझी प्रखण्ड के नवलपुर गाँव की है। बताते चलें कि बुधवार की देर शाम लगभग आठ बजे नवलपुर गाँव निवासी व बिहार पुलिस के सीआईडी इंस्पेक्टर के पद से रिटायर गणेश प्रसाद यादव की पत्नी कांति देवी 80 वर्ष का हृदय गति रुकने की वजह से निधन हो गया। बृद्धा के निधन के बाद रुदन क्रन्दन की वजह से गाँव में मातम का माहौल पसर गया। गुरुवार की सुबह नवलपुर से उनकी शव यात्रा निकली जिसमें गाँव के सैकड़ों लोग व नाते रिश्तेदार आदि शामिल हुए। परिजनों ने बताया कि दाह संस्कार में मुखाग्नि देने के बाद लौटकर वापस घर पहुँचे मृतका के पति का रो रो कर बुरा हाल था। पत्नी के निधन से वे टूट चुके थे। लोगों ने बताया कि वे अपनी पत्नी से बेहद प्यार करते थे। चंद घण्टों बाद उन्हें दिल का दौरा पड़ा। आनन फानन में शोकाकुल परिजन उन्हें लेकर पहले माँझी सीएचसी में पहुँचे तथा फिर चिकित्सक की सलाह पर छपरा सदर अस्पताल रवाना हो गए। हालाँकि गुरुवार की रात लगभग साढ़े दस बजे छपरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। ततपश्चात अगले दिन शुक्रवार की सुबह उनके पैतृक गाँव नवलपुर से उनकी विराट शवयात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शवयात्रा में शामिल ग्रामीण मृतक दम्पत्ति की शादी के दिन अग्नि को साक्षी मान कर लिए गए सात फेरों के अलावा साथ साथ जीने और साथ साथ मरने की घटना की चटखारे लेकर चर्चा कर रहे थे। पत्नी के दाह संस्कार के अगले ही दिन माँझी श्मसान घाट पर ही उनका भी दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि उनके पुत्र शम्भू प्रसाद यादव ने दी। परिजनों ने बताया कि वे वर्ष 1997 में बिहार पुलिस के सीआईडी इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। समाजसेवा व आध्यात्मिक गतिविधियों में विशेष रुचि रखने के कारण आसपास के गाँवों के लोग उन्हें काफी सम्मान देते थे। उनके परिवार में एक पुत्र व दो पुत्रियाँ हैं जिनकी वर्षों पूर्व शादी हो चुकी हैं। मृतक के एकमात्र पुत्र शम्भू प्रसाद यादव को भी दो पुत्र व तीन पुत्रियाँ हैं जिनमें से दो पुत्रियों की शादी हो चुकी हैं। पत्नी के निधन के अगले ही दिन पति के भी निधन की खबर की आसपास के गाँवों में ब्यापक चर्चा है।

## माँझी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई सख्त निर्णय

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद थाना क्षेत्र में शान्ति ब्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को माँझी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई सख्त निर्णय लिए गए। सीओ सौरभ रंजन ने कहा कि कानून ब्यवस्था के साथ छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि छह जून तक चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता जारी रहेगा इस दौरान किसी तरह का जुलूस निकालने पर पूरी तरह पाबन्दी रहेगी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने लोगों से आपसी सद्भाव कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून ब्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस किसी भी चुनौती से निपटने को तैयार है। पदाधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है तथा नेताओं व कार्यकर्ताओं से उत्तेजक बयानों पर नियंत्रण रखें जाने का अनुरोध किया गया।

## हरिकिशोर पाण्डेय के निधन पर श्रद्धान्जलि सभा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** हिन्दी, भोजपुरी और अंग्रेजी के विद्वान लेखक, कवि और समीक्षक प्रो. हरि किशोर पाण्डेय के निधन से साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर छा गई है। 92 वर्षीय लेखक का छपरा स्थित आवास पर मंगलवार को निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से जिले के साहित्यक जगत और साहित्यकार मर्माहत हैं। अन्तर्राष्ट्रीय संस्था सारण्य महोत्सव के कार्यालय पर श्रद्धान्जलि सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अध्यक्षता अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के राष्ट्रीय प्रकाशन मंत्री ज्योतिष पाण्डेय ने किया। संचालन सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज ने किया।



सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज ने उन्हें नमन करते हुए कहा हिन्दी, भोजपुरी-अंग्रेजी के विद्वान लेखक, कवि और समीक्षक थे। उनका सहज, सरल और हसंमुख व्यक्तित्व हमेशा याद रहेगा।

सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने श्रद्धान्जलि देते हुए कहा प्रो. हरि किशोर पाण्डेय के निधन से आई कमी को पूरा करना अभी असंभव प्रतीत होता है। उनकी विद्वता के साथ उनका सहज, सरल व हसंमुख व्यक्तित्व हमेशा याद किया जायेगा। ऐसे विद्वान मनीषी को खोकर हम सभी मर्माहत हैं। छपरा के धरोहर गायक कृष्ण मेनन ने प्रो हरि किशोर पाण्डेय द्वारा रचित भोजपुरी गीत गाकर उन्हें श्रद्धान्जलि दीं।सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉक्टर देवेश कुमार, उपाध्यक्ष सुभाष ओझा, कृष्ण मेनन, ज्योतिष पाण्डेय, विनोद ओझा आदि ने साहित्यकार प्रो. हरि किशोर पाण्डेय के निधन पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धान्जलि दिया।

## दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में गम्भीर रूप से जख्मी की मौत

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** मंगलवार को माँझी बनवार पथ पर कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में गम्भीर रूप से जख्मी माँझी के पटखौली गाँव निवासी जवाहर साह के पुत्र बीरेन्द्र साह की शुक्रवार को पटना में इलाज के क्रम में मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मुखिया मुन्ना साह ने दी। जख्मी युवक के मौत की खबर सुनकर परिजनों के रुदन क्रन्दन से माहौल गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को माँझी श्मसान घाट पर शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

## वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** छपरा–सिवान मुख्य मार्ग पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदपुर के समीप किसी वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बाद में स्थानीय लोगों व परिजनों की सहायता से नजदीक के अस्पताल में लाया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जख्मी की चिंताजनक हालत देख छपरा रेफर कर दिया गया। जख्मी जैतपुर गांव निवासी मुसाफिर भर का पुत्र शुभ भर बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार शंभू दाउदपुर बाजार से अपने घर आ रहा था तभी तेज गति से गुजर रही किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## हाई टेंशन तार पर गिरा पेड़, विद्युत आपूर्ति बाधित

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के दरौली चारमुहानी के समीप गुरुवार की रात हाईटेंशन विद्युत तार पर एक पेड़ की डाल टूटकर गिर गया। इस कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत आपूति बाधित होने से इस उमस भरी गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई ने बताया कि पेड़ को कटवा का हटाया जा रहा है। इसके बाद तार को ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## गर्म ट्रांसफार्मर को ग्रामीणों ने किया ठंडाप

**रघुनाथपुर (सिवान)** = प्रखंड के राजपुर पावर सब स्टेशन में लगा ट्रांसफार्मर भीषण गर्मी के कारण बार-बार गर्म हो जा रहा है। इस कारण ट्रांसफार्मर में आग लगने की संभावना को देखते हुए ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर पर पानी डाल ठंड किया। ग्रामीण जेई अमित मौर्या की देखरेख में ट्रांसफार्मर को पानी एवं बोरा से ढक कर पाइप से पानी डाल ठंडा किया। दी जा रही है। जेई ने बताया कि इन दिनों 45 डिग्री से अधिक तापमान होने की कारण ट्रांसफार्मर बार-बार ट्रिप कर रहा है।

## शराब बेचने से मना करने पर मारपीट करने का आरोप

**दारौंदा (सिवान)** = थाना क्षेत्र के बैदापुर विशुनपुरा निवासी रामपुकार सिंह ने थाना में आवेदन देकर तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 21 मई को रानीबारी बाजार से घर लौट रहा था। देखा कि घर के समीप दारु बेचा जा रहा था और कुछ लोग इकट्ठा थे। जब मैं यहां दारु बेचने से मना किया तो वे सभी मुझे मारपीट कर मोबाइल एवं छह हजार रुपये छीन लिए। यह देख मुझे बचाने पुत्र वधू विभा देवी आई तो उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा तथा जान से मारने की धमकी दी।

## मारपीट में एक घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** = थाना क्षेत्र के कपरीपुर गांव में पड़ोसियों ने एक किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायल की पहचान गांव के ही सुंदर रावत की पुत्री प्रीति कुमारी के रूप में हुई है।

## मारपीट मामले में 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)** = थाना क्षेत्र के बगौरा में 23 अप्रैल को मारपीट कर आग लगाने के मामले में थाना में प्राथमिकी की गई है। इस मामले में बगौरा निवासी गायत्री देवी ने थाना में आवेदन देकर 11 लोगों को आरोपित किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## लड़की को भगाने के आरोपित युवक गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)** = थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की को बहला-फुसला कर भगाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक ट्रेनवा निवासी अभिषेक साह है।

## मवेशी चोरी

**दारौंदा (सिवान)** = थाना क्षेत्र के डीबी गांव में गुरुवार की रात एक भैंस की चोरी कर ली गई। इस मामले में पशु मालिक बालदेव महतो ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने कहा कि भैंस चोरी का सीसी फुटेज से पता चलता है कि भैंस चोरी में दो लोग शामिल हैं लेकिन उनके चेहरे की पहचान नहीं हो पा रही थी।

## मारपीट मामले में दोनों पक्ष से कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** = एमएच नगर थाना क्षेत्र के हाता धनौती में 30 मई को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और गाली गलौज के मामले में दोनों पक्षों द्वारा प्राथमिकी कराई गई है। एक पक्ष की तारकेश्वर यादव की पत्नी संगीता देवी राजा बाबू यादव, नविंद्र यादव, योगेंद्र यादव, संदीप यादव, प्रिंस यादव, पीयूष यादव आदि को आरोपित किया है। वहीं दूसरे पक्ष के हीरालाल यादव ने गांव के ही तारकेश्वर यादव, शिवम कुमार यादव, सुंदरम यादव को आरोपित किया है। पुलिस दोनों पक्ष से प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

## एससी-एसटी मामले के दो आरोपित गिरफ्तार

**आंदर(सिवान)**= आंदर थाना के एसआइ सूरज कुमार दो गांवों में छापेमारी कर एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार लोगों में बेलवासा निवासी आकाश साह एवं गड़ार निवासी अरुण यादव शामिल है। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बदमाश को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि 16 मार्च को सिंगही निवासी लालमुनी पासवान ने आंदर थाना में आवेदन देकर उक्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी।

## गोरख सिंह महाविद्यालय के प्रोफेसर का निधन

**महाराजगंज (सिवान)** = मुख्यालय स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर नयन किशोर सिंह का निधन शुक्रवार की सुबह हृदय गति रुकने से हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में निदेशक प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. मुरारी सिंह, प्रो. धीरेंद्र सिंह, प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. जगदीश तिवारी, प्रो. विजय कुमार चौधरी, प्रो. सत्यप्रकाश, मंजीत कुमार सिंह, प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह, सवालिया सिंह, राकेश शाही आदि शामिल थे।

## अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार

**हसनपुरा(सिवान)** = एमएच नगर थाना की पुलिस ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि एमएच नगर थाना के करमासी निवासी नासिर अली व चंदू अली चुनावी रंजिश में 25 मई को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, वहीं नदियांव निवासी मुमताज अली को हथियार का भय दिखा कर मारपीट और गाली गलौज करते हुए 20 हजार रुपये छीन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों को शुक्रवार को कागजी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया है।

## बड़हरिया:संदिग्ध परिस्थिति में रिक्शा चालक की मौत

**सिवान ।** बड़हरिया प्रखंड के रोहरा कला निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान नूर आलम मियां के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि रोहरा कला निवासी नूर आलम सिवान में रहकर भाड़े पर रिक्शा लेकर चलाने का काम करते थे। गुरुवार की शाम उनकी तबीयत खराब हो गई। महादेवा थाना पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग उन्हें इलाज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के जेब से मिले कागजात व मोबाइल नंबर के आधार पर घटना की सूचना उनके स्वजनों को दी। घटना के बाद स्वजन अस्पताल पहुंच शव का बिना पोस्टमार्टम कराए दाह संस्कार कर दिए। ज्ञात हो कि मृतक की पत्नी रांची में नौकरी करती है, घर पर कोई नहीं रहता है। रिक्शा चालक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

# मैरवा में कारबाइन के साथ मिथुन यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सात अग्नेयास्त्र व 17 देशी गोली एक साथ बरामद

**परवेज़ अख्तर/ सिवान।** मैरवा थाना क्षेत्र की इमनौली गांव में रात्रि गश्त के दौरान गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक कारबाइन समेत सात अग्नेयास्त्र बरामद किया। साथ ही इस मामले में उसी मकान से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।छापेमारी गिरफ्तार किए गए युवक मिथुन यादव के घर की चारदीवारी में बने एक करकट से निर्मित मकान में की गई। सभी अग्नेयास्त्र उस कमरे में छुपा कर रखे गए थे।गिरफ्तार मिथुन यादव को पुलिस थाना लाकर पूछताछ कर रही है। उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ मैरवा अजीत कुमार सिंह चौहान ने बताया कि एसडीपीओ एसआइटी की छापेमारी में पुलिस को मिथुन यादव के घर से एक कारबाइन, एक देशी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, चार देशी कट्टा, 17 देशी गोली, एक मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि मिथुन यादव से संबंधित विभिन्न थानों में आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक पूर्व के उसके किसी आपराधिक रिकार्ड की जानकारी नहीं मिली है। पूछताछ की जा रही है कि वह इतना अधिक आर्म्स किस उद्देश्य से एकत्रित कर रखा था। किसी आपराधिक घटना में सम्मिलित रहा है या नहीं। पूछताछ के बाद मिलने वाली आगे की जानकारी दी जाएगी। साथ ही इस बात की भी पुलिस छानबीन कर रही है कि वह कहीं किसी आर्म्स सप्लायर गिरोह का सदस्य तो नहीं है या आग्नेयास्त्र की खरीद बिक्री करता है।



# अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, सड़क जाम

**मैरवा (सिवान)** = मैरवा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग स्थित तितरा में शुक्रवार को अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से एक वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। मृतक की पहचान तितरा निवासी सिपाही साह के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि एक पिकअप सिवान से बर्फ की सिल्ली लेकर मैरवा की तरफ जा रहा था। तेज रफ्तार होने के कारण पिकअप का चालक नियंत्रण खो दिया। इस दौरान ब्रेक फेल होने के कारण पिकअप पहले एक विद्युत खंबे से जा टकराया। इसके बाद पिकअप एक मकान के आगे खड़े वृद्ध को टक्कर मार दिया। इस दौरान वृद्ध वाहन के पहिए में फंसकर करीब 50 मीटर दूर तक घसिटाता रहा और उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना के बाद आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने पिकअप और उसके चालक को घेर कर कब्जे में ले लिया तथा शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर मिलते ही जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा वहां पहुंचे तथा मृतक के स्वजन से मिलकर घटना पर दुख व्यक्त की। उन्होंने थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को फोन कर घटना की जानकारी दी। बताया कि ग्रामीण मृतक के स्वजन को 10 लाख रुपये मुआवजा की मांग कर रहे हैं। उधर दुर्घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ धनंजय कुमार, सीओ राहुल कुमार और थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार वहां पहुंच ग्रामीणों को समझाया और विधायक से भी बातचीत की। पदाधिकारियों द्वारा 20 हजार राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और तीन हजार रुपये कबीर अंत्येष्टि की राशि देने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीण तत्काल मुआवजा राशि मांग पर अड़े रहे। बाद में पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। उधर वाहन मालिक ने दो लाख रुपये मृतक के स्वजन को सहायतार्थ दी। 50 हजार रुपये बाद में देना का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण चालक को छोड़ दिया। सड़क जाम करीब 10 बजे से एक बजे तक रहा। पदाधिकारियों द्वारा कार्रवाई व मुआवजा देने के आश्वासन के बाद पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सड़क जाम से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**गोरेयाकोठी (सिवान)** = प्रखंड के लीलारु गांव में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सरोज प्रसाद ने की। इस मौके पर मौजूद लोगों ने तय किया कि वे अब लोगों में तंबाकू निषेध के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाएंगे। लोगों को बताएंगे कि तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी हो सकती है। कहा कि जब कोई व्यक्ति तंबाकू के सेवन के बाद ऐसी बीमारियों की चपेट में आता है तो उसकी जमा पूंजी तक खर्च हो जाती है। वहीं जिंदगी की आस में कर्ज भी लेना पड़ता है। व्यक्ति की मौत के बाद परिवार के लोग जिंदगी भर सदमे से नहीं उबर पाते। इस दौरान सभी तंबाकू का सेवन नहीं करने तथा आसपास के लोगों को तंबाकू से सेवन से बचने की सलाह देने का संकल्प लिया। इस मौके पर महंथ प्रसाद, राजू कुमार, अनुज कुमार, नीतीश कुमार, ओमप्रकाश प्रसाद, अमोद कुमार, मनीष कुमार आदि ने कहा कि तंबाकू छोड़ने के लिए लोगों को खुद से जागरूक होना होगा। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को समझाना होगा कि तंबाकू का सेवन छोड़कर ही वे परिवार सहित सुखद जिंदगी जी सकते हैं।

## शादी की नीयत से लड़की का अपहरण

**दारौंदा (सिवान)** = थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से एक नाबालिग का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अपहृता के पिता ने थाना में आवेदन देकर एमएच नगर थाना क्षेत्र के उसरी बुजुर्ग निवासी शानू हवारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि तीन अप्रैल की सुबह करीब चार बजे मेरी पुत्री बिना बताए घर से चली गई। काफी खोजबीन के बाद में पता चला कि मेरी पुत्री को एमएच नगर थाना क्षेत्र के उसरी बुजुर्ग निवासी शानू हवारी बहला फुसला कर शादी करने के इरादे से घर से ले गया है। मेरी पुत्री नाबालिग व नासमझ है, मुझे इस बात की सूचना मोबाइल फोन द्वारा चाइल्ड लाइन कानपुर नगर से मिली कि कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर मेरी पुत्री मिली है जिसे रेलवे स्टेशन कानपुर सेंट्रल से चाइल्ड लाइन कानपुर में कर्मियों द्वारा लाया गया। इस सूचना पर मैं अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचा तो पता चला कि मेरी पुत्री को शानू हवारी मेरे घर से बहला फुसला कर शादी करने की नीयत से लाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## मारपीट में तीन घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** = थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में किया गया। घायलों में राजेंद्र राय की पत्नी गौरी देवी, पुत्र महेश राय तथा पुत्र वधू रीता देवी को पड़ोसियों ने मामूली आपसी रंजिश में मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिनका इलाज नवीगंज सरकारी अस्पताल में चल रहा है घटना शुक्रवार की बताई जाती है पुलिस मामले की जांच करवाई में जुट गई है।

# दहेज में बाइक व सोने की चेन नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बड़हरिया (सिवान)** = थाना क्षेत्र के बालापुर गांव में दहेज में बाइक एवं सोने की चेन नहीं मिलने के कारण ससुराल वालों द्वारा एक विवाहिता को घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में भदांय निवासी मकर ध्वज सिंह की पुत्री जानकी कुमारी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर अपने पति बालापुर निवासी नितेश कुमार सिंह, सास रमावती देवी, विद्यावती देवी, ननद उषा देवी और पुष्पा कुमारी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने एवं मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है।

उसने आवेदन में कहा है कि मेरे शादी शादी 24 नवंबर 2016 में को थाना क्षेत्र के बालापुर निवासी दारोगा सिंह के पुत्र नितेश कुमार सिंह से हुई थी। शादी में के बाद दहेज में बुलेट बाइक और सोने की चेन के लिए सभी प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान उक्त लोगों द्वारा खाना-पीना भी बंद कर दिया गया तथा जलाकर हत्या करने की कोशिश की गई। जब गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने मेडिकल चेक अप और अल्ट्रा साउंड कराया, जिसमें पीड़िता के गर्भ में लड़की का रिपोर्ट बताया गया। इस दौरान उक्त लोगों द्वारा गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया। गर्भपात नहीं कराने पर आभूषण छीन कर तथा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

## मैरवा- फंदे पर लटका मिला वृद्ध का शव

**मैरवा** थाना क्षेत्र के तितरा गांव में एक वृद्ध का शव शुक्रवार की सुबह खेत में लगे ट्रांसफार्मर के खंभे से फंदे में लटका देखा गया। मृतक की पहचान तितरा निवासी राम नक्षत्र भगत के रूप में की गई। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन घटनास्थल पर पहुंच रोने लगे। वहीं घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार साह पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो जाएगा। उधर घटना को पारिवारिक कलह से जोड़ा जा रहा है।

## गर्मी बढ़ते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उमड़ रही मरीजों की भीड़

**बड़हरिया (सिवान)** = भीषण गर्मी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। इस कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। बताया जाता है कि यहां सामान्य दिनों में 80 से 85 मरीज देखे जाते हैं, लेकिन यहां प्रतिदिन 100-150 से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। शुक्रवार को ओपीडी में डा. सत्येंद्र कुमार मरीजों का इलाज कर रहे थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि इन दिनों अस्पताल की ओपीडी अधिक हो गई है। आजकल मौसमी मरीज सर्दी, बुखार, लूज मोशन आदि की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी व्यवस्थाओं में सभी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। साथ ही उपलब्ध दवा भी मरीजों को दी जा रही है।

